भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4
उत्तर देने की तारीख 03.02.2025

थिएटर समूहों का अनुदान बंद किया जाना

4. श्री दीपक अधिकारी (देव) :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने कुछ थिएटर समूहों के मैचिंग और प्रोडक्शन अनुदान को बंद कर दिया है/बंद किए जाने की संभावना है; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और पिछले दो वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान थिएटर समूहों को दिए गए अनुदान का राज्यवार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख): जी, नहीं। संस्कृति मंत्रालय 'सांस्कृतिक समारोह और निर्माण अनुदान' और 'राष्ट्रीय महत्व के सांस्कृतिक संगठनों को वित्तीय सहायता' नामक दो स्कीमें संचालित कर रहा है, जिसमें रंगमंच सहित कला और संस्कृति की विभिन्न शैलियों में निर्माण के मंचन, उत्सवों आदि की परिकल्पना की गई है। इन स्कीमों के तहत, सांस्कृतिक संगठनों से नए निर्माण, उत्सव के लिए वार्षिक रूप से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं ताकि उन्हें विधिवत गठित विशेषज्ञ समिति के समक्ष रखा जा सके। विशेषज्ञ समिति इन आवेदनों का मूल्यांकन करती है और इन संगठनों की सांस्कृतिक प्रोफ़ाइल, प्रस्ताव की गुणवत्ता और इन स्कीमों के दिशानिर्देशों में निर्धारित इन संगठनों द्वारा अन्य आवश्यक अनिवार्य दस्तावेज़ों को प्रस्तुत किए जाने के आधार पर वित्तीय सहायता की अनुशंसा करती है। विगत तीन वित्तीय वर्षों के दौरान उक्त स्कीमों के अंतर्गत रंगमंच के क्षेत्र में कार्यरत संगठनों की निम्नलिखित संख्या को वित्तीय सहायता संस्वीकृत की गई है:-

क्र. सं.	स्कीम का नाम	वित्तीय वर्ष		
		2021-22	2022-23	2023-24
1.	सांस्कृतिक समारोह और निर्माण अनुदान (सीएफपीजी)	889	868	700
2.	राष्ट्रीय महत्व के सांस्कृतिक संगठनों को वित्तीय सहायता	02	07	04
कुल		891	875	704

****